दिनांक 15 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रदाय लक्ष्य की पूर्ति के लिए हुई समीक्षा बैठक

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के सभागार में सुडा से आए हुए परियोजना अधिकारी सुडा आलोक सूर एवं टीम लीडर डे एनयूएलएम डॉक्टर आर के सिन्हा ने दुर्ग संभाग अंतर्गत नगरीय निकायों से आए हुए सिटी मिशन प्रबंधक की बैठक लेकर विभिन्न घटक के अंतर्गत दिए हुए लक्ष्य की समीक्षा की जिसमें (1) सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह का गठन, स्वयं सहायता समूहों को आवर्ती निधि प्रदाय करना , क्षेत्र स्तरीय संगठन का गठन, क्षेत्र स्तरीय संगठन को आवर्ती निधि! (2) कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण पूर्ण किए गए हितग्राहियों की संख्या , कौशल प्रशिक्षण रत हितग्राहियों की संख्या , प्रमाणीकरण प्राप्त हितग्राहियों की संख्या, रोजगार प्राप्त हितग्राहियों की संख्या, वैतनिक रोजगार से जोड़ें गए हितग्राहियों की संख्या, स्वरोजगार से जुड़े गए हितग्राहियों की संख्या! (3) स्वरोजगार कार्यक्रम अंतर्गत व्यक्तिगत बैंक ऋण, समूह ऋण बैंक लिंकेज! (4) शहरी पथ विक्रेताओं का सहायता के अंतर्गत कुल चिन्ह अंकित पथ विक्रेताओं की संख्या, कुल चिन्हाकित पथ विक्रेताओं को परिचय पत्र वितरण , टीवीसी गठन की स्थिति, स्वीकृत बाजार विकास योजना की संख्या! (5) आश्रय स्थल अंतर्गत आश्रय स्थल की स्थिति भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के बारे में सूडा से आए हुए अधिकारियों ने जानकारी प्राप्त की और कहा की लक्ष्य पूरा करने के लिए और मेहनत करें , प्रयास करें ताकि शहरी गरीब लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके! अच्छे महिला समूह को कार्य करने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में आवर्ती निधि ₹10000 प्रदाय किया जाता है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो!

समीक्षा बैठक में राज्य मिशन प्रबंधक सूडा सीएल पाठक , उपायुक्त टीपी लहरें , दुर्ग संभाग अंतर्गत विभिन्न नगरीय निकाय से आए हुए सिटी मिशन प्रबंधक मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है